# कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः-न-5(8)पु.फो./कानि.भर्ती-25/2025/ 4521 दिनांकः- 08.09.2025

आयुक्त,
सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः-कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के सम्बंध में।

महोदय,

विषयान्तर्गत पुलिस विभाग में 10,000 कॉन्सटेबल के पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 13.09.2025 को द्वितीय पारी एवं दिनांक 14.09.2025 को दो पारियों में आयोजित की जायेगी। अभ्यार्थियों के लिए लिखित परीक्षा के ई-प्रवेश पत्र अपलोड कर दिये गये हैं। ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित करने हेतु जारी विज्ञप्ति दिनांक 08.09.2025 की प्रति मय सॉफ्ट कॉपी संलग्न प्रेषित है। उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान के दो प्रमुख दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों में अविलम्ब प्रकाशित करवाने का श्रम करावें।

संलग्नः- विज्ञप्ति की प्रति

भवदीय,

8.9

**(बिपिन कुमार पाण्डेय)**
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. निर्देशक राजकॉम इन्फो सर्विसेज, प्रथम तल योजना भवन जयपुर।
2. प्रभारी पुलिस वैबसाईट को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति विभाग की वैबसाईट पर आज ही अपलोड करावें।

8.9

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:-न-5(8)पु.फो./कानि.भर्ती-25/2025/ 4520 दिनांक:-08.09.2025

## विज्ञप्ति

### कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र के लिए सूचना

राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 13.09.2025 को द्वितीय पारी एवं दिनांक 14.09.2025 को दो पारियों में आयोजित की जावेगी। अभ्यर्थी अपने परीक्षा केन्द्र का जिला, दिनांक एवं पारी से संबंधित जानकारी दिनांक 09.09.2025 से पुलिस विभाग की वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in तथा वेबसाईट https://recruitment2.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध कराये गये लिंक पर प्राप्त कर सकेगें। अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के ई-प्रवेश पत्र अपनी SSO ID से लॉगिंन कर निम्नाकित तिथि से डाउनलोड कर सकेगें:-

| क्र.स. | परीक्षा तिथि | ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | 13.09.2025 | 11.09.2025 |
| 2. | 14.09.2025 | 11.09.2025 |

ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के संबंध में किसी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में राजकॉम के हेल्पलाईन नम्बर 7340557555/9352323625 एवं विभाग के सम्पर्क नम्बर 0141-2821597 एवं ई-मेल igrecraj@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है।

**अभ्यर्थियों के लिए मुख्य बिन्दु**

1. लिखित परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थी ई-प्रवेश पत्र पर अंकित निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें।
2. परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय से 02 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना है।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 30 मिनिट पहले तक ही प्रवेश की अनुमति होगी।
4. लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड में वर्णित ड्रेस कोड में ही आना होगा।
5. अभ्यर्थी ई-प्रवेश पत्र, स्वंय का स्पष्ट नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आये।
6. नीले/काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉल पेन, पहचान हेतु एक मूल फोटोयुक्त प्रमाणपत्र-आधार कार्ड लाना होगा।
7. अभ्यर्थी को पर्स, बैग, मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, घडी, केलकुलेटर, पेजर, व्हाइटनर, इत्यादि लाने की अनुमति नहीं है।
8. अभ्यर्थी अपने समान की रखवाली निजी स्तर पर करे।

**नोट:-** कॉन्स्टेबल (बैण्ड) के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा नहीं होने के कारण प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं।

8.9

**(बिपिन कुमार पाण्डेय)**
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

Scanned with OKEN Scanner